ODISHA BOARD

QUESTION PAPER 2024

DOWNLOAD PDF

Orissa Council of Higher Secondary Education Examination

aglasem.com

Roll No.

Total No. of Printed Pages—12.

709 R/E

(Regular/Ex-Regular)

OH

(Arts)

(For Students registered in 2021 and 2022)

2 0 2 4 (A)

OPTIONAL HINDI (OH)

ARTS

Full Marks : 100

Time : 3 hours

The figures in the right-hand margin indicate marks

*Answer **all** questions*

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable

schools.aglasem.com

aglasem.com

GROUP—A

क—विभाग

1. सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) कर्ण ने किससे शस्त्रास्त्र की शिक्षा ली थी?

(i) द्रोणाचार्य

(ii) कृपाचार्य

(iii) परशुराम

(iv) भीष्म

(ख) कर्ण की मृत्यु से कौन उदास हो जाता है?

(i) युधिष्ठिर

(ii) भीष्म

(iii) शल्य

(iv) कृष्ण

(ग) कर्ण के पिता कौन हैं?

(i) धृतराष्ट्र

(ii) पाण्डु

(iii) सूर्य

(iv) इन्द्र

(घ) राधेय किसे कहा जाता था?

(i) कृष्ण को

(ii) कर्ण को

(iii) युधिष्ठिर को

(iv) अर्जुन को

(ङ) 'रश्मिरथी' काव्य के रचयिता कौन हैं?

(i) मैथिलीशरण गुप्त

(ii) जयशंकर प्रसाद

(iii) सुभद्राकुमारी चौहान

(iv) रामधारी सिंह 'दिनकर'

schools.aglasem.com

aglasem.com

(च) लार्ड कर्जन की किस करतूत को लेखक ने बुलबुलों के सपनों से बढ़कर कुछ न होने की बात कही?

(i) विक्टोरिया मेमोरियल हॉल को

(ii) सोने के महल को

(iii) मूर्तियों को

(iv) दिल्ली दरबार को

(छ) भेड़िये से किसने कहा—''अजायबघर में चले जाइए'?

(i) भेड़ ने

(ii) भेड़िये ने

(iii) बूढ़े सियार ने

(iv) संत ने

(ज) बच्चे में करुणा की नींव कब पड़ती है?

(i) जब वह रोने लगता है

(ii) जब उसमें करुणा का भाव आता है

(iii) जब वह करुणा में डूबता है

(iv) जब उसमें सम्बन्ध ज्ञान कुछ-कुछ होने लगता है

(झ) लोभी महमूद ने किस मन्दिर को तोड़ा?

(i) सोमनाथ मन्दिर को

(ii) जगन्नाथ मन्दिर को

(iii) लिंगराज मन्दिर को

(iv) विश्वनाथ मन्दिर को

(ञ) आज के मराठी साहित्य में किसकी स्थिति अपेक्षाकृत अच्छी है?

(i) उपन्यास की

(ii) नाटक की

(iii) कविता की

(iv) कहानी की

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए : 1×15=15

(क) नदियों के साथ-साथ और किसका मूल जानना बड़ा कठिन है?

(ख) 'रश्मिरथी' में कुल कितने सर्ग हैं?

schools.aglasem.com

aglasem.com

(ग) घटोत्कच को किसने मारा?

(घ) इन्द्र ने कर्ण से क्या माँगा था?

(ङ) भीष्म के बाद कौन कौरव-सेना का सेनापति बना?

(च) दुःख की श्रेणी में प्रकृति के विचार से करुणा का उल्टा क्या है?

(छ) कौन-सा मनोविकार मनुष्य की प्रकृति में शील और सात्विकता का आदि संस्थापक है?

(ज) कौन-सा स्थान आज शिवशम्भु का बुलबुलिस्तान बन रहा है?

(झ) दक्खिनी भाषाओं में किसने भक्तिकाव्य की रचनाएँ प्रस्तुत कीं?

(ञ) मुसीबत में फँसे भेड़िये ने आखिर किसको अपना गुरु माना?

(ट) 'बादशाह' का लिंग बदलिए।

(ठ) 'कुर्सी' का लिंग क्या है?

(ड) 'पुस्तक' का बहुवचन क्या है?

(ढ) 'भेड़ चर रही है' को बहुवचन में लिखिए।

(ण) माँ ने बच्चों के लिए खिलौने लिये।
रेखांकित शब्दों में कौन-सा कारक है?

3. (क) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1×5=5

(i) सराय के मेहमान बुलबुलें पकड़ा करते थे।

(ii) कालिदास और भवभूति पाश्चात्य वैभव-युग के प्रतिनिधि कवि हैं।

(iii) बूढ़ा भेड़िया अब ध्यानमग्न हो गया।

(iv) रमेश ने पुस्तक पढ़ लिया।

(v) समुद्र में लहरें उठते हैं।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1×5=5

(i) If you invite, I shall attend your birthday party.

(ii) The patient is counting his days.

schools.aglasem.com
aglasem.com

(iii) The train had left when I reached the station.

(iv) I was happy to know the news of your success.

(v) To err is human, to forgive divine.

4. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×5=5

(क) लड़कपन में इस बूढ़े भंगड़ को ____ का बड़ा चाव था।

(ख) पर पीड़ा सम नहीं ____।

(ग) जैसे स्वर्ग में परमात्मा, वैसे ही पृथ्वी पर ____।

(घ) 'चुहिया' का बहुवचन ____ होगा।

(ङ) विनोद ने ढेर सारी जलेबियाँ ____।

GROUP—B

ख—विभाग

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : 3×5=15

(क) सरिता के दान के बारे में दिनकर जी क्या कहते हैं?

(ख) कर्ण से दान में कवच-कुण्डल ले जाने के बाद इन्द्र ने उनसे क्या कहा?

(ग) सहानुभूति शब्द आज क्यों निकम्मा-सा हो गया है?

(घ) रंगे हुए सियारों के बारे में भेड़िये के पूछने पर सियार ने क्या बताया?

(ङ) गैराज की बगलवाली कोठरी में रहते हुए देविन्दरलाल को जेल क्यों याद आया?

(च) कुतिया के पिल्लों को देखकर डौली को कैसा लगा?

(छ) लार्ड कर्जन के दो बड़े कार्यों पर लेखक क्या कहते हैं?

(ज) छः वर्षीय लड़का प्रमोद कैसे दिख रहा था?

schools.aglasem.com
aglasem.com

6. निम्नलिखित उद्धरणों में से किन्हीं **पाँच** के भावार्थ लिखिए : 3×5=15

(क) तनिक सोचिए, वीरों का यह योग्य समर क्या होगा?
इस प्रकार से मुझे मार कर पार्थ अमर क्या होगा?

(ख) सुयोधन पूत या अपवित्र ही था,
प्रतापी, वीर, मेरा मित्र ही था।
किया मैंने वही, सत्कर्म था जो,
निभाया मित्रता का धर्म था जो।

(ग) यह मूर्तियाँ किस प्रकार के स्मृति चिह्न हैं? हमारे देश के बहुत-से धन की एक ढेरी है, जो किसी काम नहीं आ सकती। एक बार जाकर देखने से ही विदित होगा कि वह कुछ विशेष पक्षियों के कुछ देर विश्राम लेने के अड्डे से बढ़कर कुछ नहीं है।

(घ) उन्नति और विकास अथवा प्रौढ़ता और परिपुष्टता के युगों में ही नहीं, ह्रास और अवरोह के युगों में भी भारतीय साहित्य अपनी एकता का साक्ष्य देता है।

(ङ) किसी-किसी अवस्था में तो धर्मग्रंथों में झूठ बोलने की इजाजत तक दे दी गई है विशेषतः जब इन नियम भंग द्वारा अन्तःकरण की किसी उच्च और उदार वृत्ति का साधन होती हो।

(च) जब हम भारतीय साहित्य की एकता की चर्चा करते हैं तब हमारा आशय भारतवर्ष की भिन्न-भिन्न भाषाओं की साहित्यिक समाश्रयता से होता है।

(Continued)

(छ) हर भेड़िये के आसपास दो-चार सियार तो रहते ही हैं। जब भेड़िया अपना शिकार खा लेता है, तब ये सियार हड्डियों में लगे मांस को कुतर खाते हैं और हड्डियाँ चूसते रहते हैं।

(ज) विषाक्त वातावरण, द्वेष और घृणा की चाबुक से तड़फड़ाते हुए हिंसा के घोड़े विष फैलाने को सम्प्रदायों के अपने संगठन और उसे भड़काने को पुलिस और नौकरशाही।

GROUP—C

ग—विभाग

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के उत्तर दीजिए : 5×6=30

(क) 'रश्मिरथी' के चौथे सर्ग में संसार के कई अनूठे दानवीरों के त्याग का वर्णन कर दिनकर जी ने किस प्रकार दान की पराकाष्ठा के उदाहरण प्रस्तुत किये?

(ख) भीष्म की शरशय्या के बाद कर्ण-द्रोण में हुए वार्तालाप का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

(ग) कर्ण के निधन के बाद युधिष्ठिर किस मनोदशा में कृष्ण के पास आये और दोनों के बीच कैसा वार्तालाप हुआ, उल्लेख कीजिए।

(Turn Over)

schools.aglasem.com
aglasem.com

(घ) बुलबुल पकड़ने की नाना प्रकार की कल्पनाएँ करके बालक शिवशम्भु जब सो गया, तब सपने में क्या देखा, उसका वर्णन कीजिए।

(ङ) आचार्य शुक्ल ने करुणा का सम्बन्ध सात्विक शील से कैसे माना?

(च) भारतीय भाषा के सन्दर्भ में बताइए कि वे कौन-कौन सी प्रवृत्तियाँ हैं, जो पूरे देश में एकता की प्रतिष्ठा में अपना योगदान देती हैं।

(छ) लेखक को हमारी प्रजातांत्रिक व्यवस्था में कौन-कौन सी खामियाँ नजर आती हैं, जिनका जिक्र उन्होंने 'भेड़ और भेड़िया' के माध्यम से किया है?

(ज) 'शरणदाता' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(झ) 'आदमी का बच्चा' कहानी के जरिए कहानीकार हमें क्या संदेश देना चाहते हैं?

(ञ) 'दोपहर का भोजन' कहानी में आर्थिक दुरवस्था से जूझते एक मध्यवर्गीय परिवार का जो चित्र खींचा गया है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

★★★

AglaSem Earn While Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
schools.aglasem.com
aglasem.com

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers